हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 6 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 23 .0 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

12 मॉडल श्रेणी में अतिशय को मिला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार


12 छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए दिया गया प्रशिक्षण


## खबर संक्षेप

### पांच साल से फरार हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** देवीलाल कॉम्पलेक्स वाली गली में 27 जुलाई 2020 की रात मनप्रीत उर्फ सोनू की लाठी डंडो से पीटकर हत्या करने मामले में फरार चल रहे आरोपी को सीआईए टू पुलिस टीम ने मंगलवार देर शाम जाटल रोड फ्लाई ओवर पुल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विक्की निवासी जगजीवनराम कॉलोनी के रूप में हुई। आरोपी उक्त मामले में 5 साल से फरार चल रहा था। उक्त मामले में इससे पहले 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लाठी, डंडे बरामद कर सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है। यह जानकारी सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने देते हुए बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपियों के साथ मिलकर 25 वर्षीय मनप्रीत उर्फ प्रीतम की लाठी डंडो से पीटकर हत्या करने बारे स्वीकारा है।

### नफेसिंह बने फास्ट ट्रैक एंटी करप्शन के अध्यक्ष

**पानीपत।** फास्ट ट्रैक एंटी करप्शन एंड ह्यूमन राइट्स संगठन द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.राकेश ने बताया कि डॉ.नफे सिंह को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि संगठन पिछले 21 सालों से भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्य कर रहा है। वहीं नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नफे सिंह ने बताया कि संगठन के पदाधिकारियों का आभार जताते हुए पूरी मेहनत व ईमानदारी से काम करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर डॉ.सुशील को सह सचिव घोषित किया गया है। जबकि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.ऋ षि पारीक द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

### 19 ग्राम हेरोइन के साथ युवक दबोचा, रिमांड पर

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने पुराना ट्रक अड्डा नहर पटरी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 19 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। सेल की टीम के इंचार्ज जसविंदर सिंह ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि पुराना ट्रक अड्डा नहर पटरी के पास एक युवक नशीले पदार्थ के साथ खड़ा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर जाकर संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास से 19 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान पुराना हमीदा निवासी दानिश के नाम से हुई।

### अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए माइनिंग तथा आरटीए विभाग अलर्ट

# मिट्टी से लदा डंपर जब्त, मालिक पर लगाया 4.20 लाख का जुर्माना

- ट्रक चालक के पास नहीं मिले मिट्टी ले जाने संबंधी कागजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अवैध खनन पर नकेल कसने को लेकर माइनिंग विभाग, इंफोर्समेंट टीम, पुलिस तथा आरटीए विभाग द्वारा लगातार निगरानी कर रहे हैं। बीते रोज देर रात माईनिंग विभाग की टीम ने गांव धनाना के पास बिना कागजों के मिट्टी से भरे एक टाटा डंपर को जब्त करने का काम किया है।

नियमानुसार कार्रवाई करते हुए डंपर मालिक के खिलाफ 4 लाख 20 हजार रूपए जुर्माना भी किया गया है। खनन निरीक्षक सोनू कुमार ने बताया कि हरियाणा खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के



अंबाला। पकड़ा गया डंपर।

महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन तथा खनिज परिवहन को लेकर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नारायणगढ़ उपमंडल में भी लगातार खनन संबंधी गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाने को लेकर औचक निरीक्षण करते हुए जांच टीमें फील्ड में रहकर निरंतरता में कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बीती रात खनन विभाग द्वारा गांव धनाना से साधारण मिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए एक डंपर जब्त किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर हर माह बैठक लेकर अवैध खनन से को लेकर हो रही कार्रवाई की समीक्षा कर रहे हैं। खनन को लेकर यदि किसी की भी संलिप्तता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अवैध खनन रोकने गई टीम को लोगों ने घेरा

**बापौली।** मंगलवार देर रात खनन विभाग की टीम द्वारा यमुना नदी के पास बसे गांव गोयला कलां में अवैध खनन की सूचना मिलने पर निरीक्षण करने के पश्चात वहां लाठी डंडों से लैस 20 से 25 व्यक्तियों ने टीम को घेर लिया। जिससे बड़ी मुश्किल से टीम वहां से अपनी जान बचाकर भागी। उनमें से कुछ एक व्यक्तियों की पहचान कर ली गई है जिनके विरुद्ध खनन अधिकारी द्वारा बापौली थाना में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया की वह अपने विभाग के खनन रक्षक विजय सिंह और संजीव कुमार के साथ-साथ पुलिस विभाग के हैड कास्टेबल नवीन कुमार के साथ मंगलवार देर रात करीब 9:30 बजे यमुना नदी के आसपास अवैध खनन को लेकर औचक निरीक्षण करने गए थे। जब वह गोयला कलां गांव में अवैध खनन की सूचना मिलने पर पहुंचे तो उन्हें वहां अवैध खान के ताजा निशान मिले लेकिन कोई वाहन नजर नहीं आया। निरीक्षण उपरांत जब वे वापस यमुना बांध के पास पहुंचे तो उनकी सरकारी गाड़ी के आगे कुछ एक व्यक्तियों ने अपनी गाड़ी लगा दी और 20 से 25 व्यक्ति जो की लाठी डंडों से लैस थे। उन्होंने हेड कांस्टेबल नवीन को नीचे उतार लिया और दुव्र्यवहार करने लगे। उन्होंने कहा कि यह हमारे गांव की नदी है। इसमें हमारा अवैध खनन ऐसे ही होगा और हमारे ट्रैक्टर रोक के दिखाओ। वह बड़ी मुश्किल से वहां से जान बचाकर भागे। फिर मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर गोयला कलां वासी रोहित उर्फ भोला, अनुज पुत्र पाले राम, संजय उर्फ भूरा, नीटू सचिन और कपिल के साथ-साथ जलमाना वासी सचिन पुत्र कटारा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने इसकी एक प्रति उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया, पुलिस अधीक्षक और महानिदेशक खनन विभाग को भी प्रेषित की है। जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए निरंतर औचक निरीक्षण जारी हैं और उसी के तहत बुधवार को गांव मांडी की तरफ से आ रहे एक ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया है। जिस पर 2 लाख 15 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

# ट्रक से भारी मात्रा में शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार



कुरुक्षेत्र। ट्रक से बरामद शराब। फोटो : हरिभूमि

- अलग-अलग मार्का की 262 पेटियां शराब अंग्रेजी बरामद हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशा-तस्करों पर शिकंजा कसते हुए शराब तस्करी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। कुरुक्षेत्र पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-2 ने शराब तस्करी करने के आरोप में रमेश कुमार वासी बालम जिला सोलन हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से अलग-अलग मार्का की 262 पेटी अंगेजी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि रमेश कुमार वासी बालम जिला सोलन हिमाचल प्रदेश ट्रक में माल लोड करके बंगाल बिहार व झारखंड जाता है। आरोपी पंजाब व हिमाचल से अवैध शराब लोड करके बिहार में बेचता है। पुलिस टीम ने एनएच-44 पीपली चिड़ियाघर के पास नाकाबंदी करके चेकिंग शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद ट्रक पीबी-11-डीबी-8871 आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने ट्रक में बैठे व्यक्ति को काबू करके उसका नामपता पूछने पर ड्राईवर ने अपना नाम रमेश कुमार वासी बालम जिला सोलन हिमाचल प्रदेश बताया। पुलिस द्वारा आरोपी व उसके ट्रक की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से अलग-अलग मार्का की 262 पेटियां शराब अंग्रेजी बरामद हुई। आरोपी के विरुद्ध थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# आरटीआई लगने पर एचएसवीपी ने ब्याज सहित लौटाई पीड़िता को राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- आठ वर्षों से अटके हुए थे 2.37 लाख रुपये

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण पानीपत एचएसवीपी में फंसे 2.37 लाख रुपये सिर्फ दस रुपये वाली आरटीआई लगने पर 98.390 रुपये के ब्याज सहित कुल 3.35.396 रुपये एचएसवीपी को लौटाने पड़े। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा ने आज केस की सुनवाई के बाद एस्टेट ऑफिसर को नोटिस जारी कर पूछा है कि सूचना समय पर न देने के कारण क्यों न उन पर 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाए।

### यह है मामला

आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने बताया कि रमेश नगर तहसील कैम्प पानीपत निवासी उनकी चचेरी बहन उषा वैद ने आठ वर्ष पहले 18 जुलाई 2017 को एचएसवीपी पानीपत में 2.37.006 रुपये जमा कराए थे। यह राशि उन्होंने कृषि भूमि अक्वायर होने पर आउस्टी कोटे से प्लॉट लेने के लिये जमा कराई थी। लेकिन एचएसवीपी ने न तो प्लॉट दिया और न ही ली हुई यह राशि वापस की। इस बारे गत 22 मार्च 2024 को उन्होंने एस्टेट ऑफिसर एचएसवीपी पानीपत को लिखित आवेदन दिया और फिर पहली मई 2024 को हुडा कार्यालय में आरटीआई कर दी हुई शिकायत पर कारवाई की रिपोर्ट मांग ली। इस आरटीआई का कोई जवाब राज्य जन सूचना अधिकारी एवं एस्टेट ऑफिसर ने नहीं दिया। प्रथम अपीलिय अधिकारी एवं एडमिनिस्ट्रेटर एचएसवीपी रोहतक ने भी प्रथम अपील को अनसुना कर दिया। इस पर स्टेट इन्फर्मेशन कमीशन ने एस्टेट ऑफिसर को नोटिस भेज कर 5 मार्च को सूचना आयोग में पंचकूला तलब कर लिया। इस पेशी से डरे एस्टेट ऑफिसर ने 4 मार्च को ही 98.390 रुपये के ब्याज सहित कुल 3.35.396 की राशि अपीलकर्ता के बैंक खाते में डाल दी।

कपूर ने बताया कि दोषी एस्टेट ऑफिसर को स्टेट इन्फर्मेशन कमीशन में जुर्माना तो लगेगा ही और इन्हें लोकायुक्त कोर्ट में भी घसीटा जायेगा ताकि इनके खिलाफ विभागीय दंडात्मक कारवाई हो और इन अफसरों की खराब सेवा के कारण जो ब्याज राशि सरकारी खजाने से गई है, वो इन दोषी अफसरों की तन्खाह से काटी जाए।

# ह्यूमन सोसाइटी के एजेंट्स व निवेशकों का प्रदर्शन

- 20 मार्च को दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन का भी फैसला किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ह्यूमन सोसाइटी के हजारों पीड़ति एजेंट्स और निवेशकों ने कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि इस मामले में सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं और निवेशकों की राशि की वापसी सुनिश्चित की जाए। देशव्यापी मुद्दे के चलते तय किया गया कि 20 मार्च को जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य भर के अलग अलग स्थानों से हजारों संख्या में ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी के पीड़ति एजेंट्स और निवेशक कुरुक्षेत्र में सीएम सिटी में देवीलाल पार्क में इकठ्ठा हुए। सभा करते हुए प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को सीटू प्रदेश




कुरुक्षेत्र। प्रदर्शन करते ह्यूमन सोसाइटी के एजेंट्स व निवेशक।

प्रदेश महासचिव जय भगवान, सचिव आनंद शर्मा, अनिल कुमार, एजेंट्स प्रतिनिधियों पवन, विपुल, मनजीत, विकास आदि ने प्रमुख रूप से संबोधित किया। उन्होंने मांग की कि सोसायटी के सीएमडी समीर अग्रवाल सहित पूरी टीम को पकड़ा जाए और जिन लोगों ने सोसायटी में पैसा जमा किया है, उसे दिलवाया जाए। तमाम वक्ताओं ने कहा कि सोसायटी के सीएमडी ओर प्रबंधन टीम ने जनता को धोखे में रखकर उनकी मेहनत की कमाई हड़पने का एक सुनियोजित षड्यंत्र रचा है। यह संस्था हरियाणा में 2016 से कम कर रही है। देशभर में 45 लाख से अधिक निवेशकों ने इस सोसाइटी में अपनी जीवनभर की कमाई निवेश की थी। इसलिए इसमें लाखों लोगों ने अपनी जमा-पूंजी इसमें लगा दी। इनमें किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं, जिन्होंने बच्चों की पढ़ाई, शादियों और बुढ़ापे के सहारे के लिए इसमें निवेश किया था। अब सोसाइटी के सभी प्रमुख अधिकारी फरार हो गए। उन्होंने कहा कि सोसाइटी ने अपनी शुरूआत फिक्स्ड डिपॉजिट और आवर्ती जमा योजनाओं के माध्यम से की और निवेशकों को यह विश्वास दिलाया कि उनका पैसा पूरी तरह सुरक्षित है। सोसाइटी के मालिकों ने जनता को ठगने का एक पूर्व-नियोजित षड्यंत्र रचा था जिसकी जांच की जानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों के बीच मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश कुमार पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन लिया और आश्वस्त किया कि जल्द ही बातचीत का समय मुख्यमंत्री के साथ तय करते हुए मांगो के समाधान के प्रयास किए जाएंगे। प्रदर्शन को सीटू जिला प्रधान रानी, सुनील रत्न, किसान नेता रोशन लाल, सर्व कर्मचारी संघ के ओम प्रकाश, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के महावीर प्रसाद दहिया आदि ने भी संबोधित किया। 20 मार्च को दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने का भी फैसला किया गया।

### डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत, महिला घायल

**यमुनानगर।** सहारनपुर-कुरुक्षेत्र मार्ग पर दामला टोल प्लाजा के पास डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि हादसे में बाइक सवार महिला घायल हो गई। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार शहर के गांधी नगर निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका चचेरा भाई शिव नगर गांधी नगर निवासी 30 वर्षीय रवि कुमार अपनी परिचित सुजाता के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह सहारनपुर कुरुक्षेत्र मार्ग पर दामला टोल प्लाजा के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क के बीच में गिर गए। डंपर का पहिया रवि के ऊपर से निकल गया। जिससे रवि की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सुजाता गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया।

# दो अवैध कॉलोनियों में निर्माण ढहाए

**अंबाला।** जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा गांवव गरनाला में लगभग 5 एकड़ तथा लगभग 1 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही 2 कॉलोनियों में बनी कच्ची सडक़ों के जाल तथा नीवों को पूर्णतया धवस्त कर दिया गया। मौके पर जिला नगर योजनाकार रोहित चैहान , रविंद्र कुमार कनिष्ठ अभियंता तथा रविंद्र कुमार क्षेत्रानवेशक व भारी पुलिस दल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चैहान ने लोगों स अपील की है कि भूमालिक व प्रॉपट्री डीलर इन कॉलोनियों के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से किसी भी झांसे में न आएं। उन्होंने इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट न



खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया तथा बताया कि ऐसी कॉलोनियों में निर्माण करना पूरी तरह से गैरकानूनी है।

### डोली की कार रुकवाकर दुल्हन को अगवा करने का प्रयास, दो के खिलाफ केस

**यमुनानगर।** सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर डोली की कार रूकवाकर दुल्हन को शादी का झांसा देकर अगवा करने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन मार्च को उसकी 21 वर्षीय बहन की शादी थी। शादी के बाद रात करीब साढ़े सात बजे उसकी बहन घर से विदा होकर डोली की कार में बैठकर अपने पति के साथ ससुराल जा रही थी तो गांव महमूदपुर के पास अमित कुमार ने अपने दोस्त सन्नी कुमार के साथ मिलकर डोली की कार को रूकवा लिया। इस दौरान आरोपी ने उसकी बहन को शादी की नियत से भगाने की कोशिश की। मगर आरोपी अपनी चाल में कामयाब नहीं हो सके। इस दौरान आरोपियों ने डोली वाली कार का पीछा किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उसे जब इसकी सूचना मिली तो उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### होलाष्टक कल से शुरू, रंगों का त्योहार 14 मार्च को

# होलिका दहन पर इस बार भद्रा का साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- होलिका दहन का समय शाम 6 : 57 से रात 8 :14 तक रहेगा

इस साल होलिका दहन पर भद्रा का साया रहेगा, जिससे सही समय पर दहन करना महत्वपूर्ण होगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, 13 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा और 14 मार्च को रंगों का त्योहार होली मनाया जाएगा। सात मार्च से होलाष्टक शुरू हो जायेंगे जिसमें शुभ कार्य करने की मनाही होती है धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भद्रा काल में कोई भी शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है, क्योंकि इस समय किए गए कार्यों का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए, होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त का ध्यान रखना आवश्यक है। होलिका दहन के मुहूर्त के बारे में चर्चा करते हुए राम राज कौशिक ने बताया कि इस बार होलिका दहन का शुभ मुहूर्त एक घंटा चार मिनट है। इस वर्ष 13 मार्च को शाम को भद्रा की छाया पृथ्वी पर होने के कारण होलिका दहन के शुभ मुहूर्त का विशेष ध्यान रखना होगा। भद्रा काल में किए गए कार्य शुभ फल नहीं देते। यही कारण है कि इस समय विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। विशेष रूप से होलिका दहन को भद्रा में करने से अनिष्टकारी प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए इसे टालना ही बेहतर माना जाता है। ज्योतिषाचार्य रामराज कौशिक ने बताया कि, इस वर्ष 13 मार्च सुबह 10:02 से पूर्णिमा तिथि की शुरूआत हो जाएगी, जिसकी समाप्ति 14 मार्च सुबह 11:11 पर होगी. ऐसे में 13 मार्च को ही होलिका दहन किया जाएगा. लेकिन 13 मार्च को पूरे दिन लगभग 13 घंटे तक भद्रा का साया बना रहेगा, जबकि शास्त्रों में होलिका दहन के लिए भद्रा रहित और निशा काल में पूर्णिमा तिथि का होना अनिवार्य बताया गया है। भद्रा रहित और पूर्णिमा तिथि को देखते हुए होलिका 13 मार्च की रात में किया जाएगा। होलिका दहन के लिए ज्योतिषाचार्य ने रात 10 बजकर 35 मिनट से 11 बजकर 26 मिनट तक का समय शुभ बताया है। ऐसे में होलिका दहन देर रात किया जाएगा और इसके लिए लगभग 1 घंटे 9 मिनट का ही शुभ समय मिलेगा लेकिन ज्योतिष शास्त्र के अनुसार भद्रा का मुख काल छोड़ कर पूँछ काल में होलिका दहन हो सकेगा। होलिका दहन के दिन भद्रा पूंछ शाम 6 बजकर 57 मिनट से रात 8 बजकर 14 मिनट तक थी। इस दौरान होलिका दहन करना शुभ माना गया था।

#### कोई भी शुभ-मांगलिक कार्य करने की मनाही



रामराज कौशिक

इस साल 13 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा के दिन भद्रा का वास धरती पर है।जब भद्रा का वास धरती पर होता है तो कोई भी शुभ-मांगलिक कार्य नहीं करने चाहिए, क्योंकि भद्रा इन कामों में विघ्न डालने का कार्य करती है. इसलिए जब धरती पर भद्रा का वास होता है तो इन कामों का त्याग करना चाहिए। होलिका दहन पर पूर्णिमा तिथि के साथ ही भद्रा की भी शुरूआत हो जाएगी जोकि रात 10:36 तक रहेगी. इसलिए भद्रा खत्म होने के बाद ही होलिका दहन किया जाएगा।

### बिजौली में मारपीट में पांच लोग नामजद, चोट से गर्भपात का आरोप

**यमुनानगर।** गांव बिजौली में हुई मारपीट में पुलिस ने दूसरे पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि मारपीट के दौरान गर्भवती महिला के पेट में चोट लग गई। जिससे उसका गर्भपात हुआ है। पुलिस ने इस मामले में पहले एक पक्ष के दो भाईयों समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया हुआ है। गांव बिजौली निवासी मुस्ताक अली ने पुलिस को बताया कि उसकी कुछ दिन पहले निसार व नवाब के साथ खेतों में मेढ़ पर मिट्टी लगाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद आरोपी उससे रंजिश रखे हुए थे। 18 फरवरी को आरोपी निसार व नवाब ने अपने परिवार के सदस्यों कतिजा, सहरीना व सुगमा के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उसकी पत्नी नसीमा के पेट में लात मारी। जिससे उसका गर्भपात हो गया। उसकी पत्नी दो माह की गर्भवती थी।

# इन्वेस्टमेंट के नाम पर महिला से ठगी 3.65 लाख की राशि

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने इंवेस्टमेंट करके अधिक लाभ कमाने का लालच देकर महिला से तीन लाख 65 हजार रुपये ठग लिए। जब महिला को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। रामपुरा कॉलोनी निवासी महक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्राइवेट स्कूल में टीचर है। गत 31 जनवरी को उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। जब उसने लिंक पर क्लीक किया तो वह एक टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गई। इसके बाद उसकी गुरप में बात होने लगी। जिसमें उसे पार्ट टाइम व फुल टाइम काम करने का ऑफर दिया गया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके काम करने के लिए हां कर दी। इसके बाद उसे एक कंपनी को रेटिंग देने का काम बताया गया। रेटिंग देने के बाद उसे 10 प्रतिशत कमीशन देना तय हुआ। आरोपियों ने उसे पहली कमीशन के नाम के एक हजार रुपये दिए। इसके बाद आरोपी ठगों ने कंपनी में पैसे इंवेस्टमेंट करके अधिक लाभ कमाने का लालच दिया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके कंपनी में तीन लाख 65 हजार रुपये इंवेस्ट कर दिए। इस दौरान उसे ऑनलाइन प्रोफिट नजर आने लगा। मगर जब वह प्रोफिट के पैसे निकालने लगी तो पैसे नहीं निकले। उसने इस बारे आरोपी से बात की मगर उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आरोपियों ने उसे कंपनी में ओर अधिक पैसे इंवेस्ट करने को कहा। मगर उसने मना कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे गुरप से निकाल दिया। उसने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### गुजरात के छात्रों ने ली प्राकृतिक कृषि की ट्रेनिंग

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण केन्द्र में गुजरात प्राकृतिक कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, हलोल के विस्तार शिक्षा निदेशक रश्मीकान्त अनंत्रे सहित कृषि विशेषज्ञ एवं पीजी स्टूडेंट्स ने प्राकृतिक खेती की विधिवत चार दिन की ट्रेनिंग ली, साथ ही फार्म का दौरा कर वहां पर स्थित मिश्रित फसल व सब्जियों के मॉडल देखें। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक पदम्श्री डॉ. हरिओम के मार्गदर्शन में गुजरात से पधारे इस दल को प्राकृतिक खेती के सभी पहलुओं से परिचित कराया गया। गुरुकुल के व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने बताया कि गुजरात से हलोल कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय से डॉ. प्रभु नायका, डॉ. एसपी देशमुख, डॉ. कृष्ण, डॉ. अल्पेश बीमानी सहित अनेक कृषि विशेषज्ञों ने गुरुकुल में ट्रेनिंग प्राप्त की। इसके अलावा पीजी स्टूडेंट केशवाला भूमि, जय पटेल, विशाल वायलू, दक्ष पटेल, महेन्द्र मेवादा, मौली पटेल, श्रद्धा चौधरी भी कैम्प में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### देवी मंदिर इंद्री में रक्तदान शिविर 9 को

**इंद्री।** जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 9 मार्च दिन रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक देवी मंदिर मेन बाजार इंद्री में किया जाएगा। यह जानकारी शिविर के संयोजक कपिल किशोर, गगन सिंगला, वैभव सिंगला, हिमांशु जिंदल, हिमांशु भाटिया, राकेश गर्ग, नितिन गांधी, विपिन लूथरा और चिराग मेहता ने दी।

### कार्यशाला में छात्रों को दिए करियर के टिप्स

**घरौंडा।** राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा में प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी के कुशल नेतृत्व एवं कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह के योग्य मार्गदर्शन तथा प्लेसमेंट सैल संयोजक डॉ.सतीश कुमार के सार्थक प्रयासों के फलस्वरूप छात्राओं के सेल्फ अवेयरनेस संबंधी व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में 'हर्टफुलनेस' एनजीओ करनाल की ओर से पधारे अतुल जैन ने अ सरल एवं रोचक ढंग से छात्राओं को श्रीमद्भागवत गीता तथा कम्प्यूटर फंक्शनिंग की पृष्ठभूमि में के बारे में बताया।

### उत्कृष्टता केंद्र में वार्षिक एक्सपो मेला 21 से

**घरौंडा।** सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में वार्षिक एक्सपो मेला आगामी 21 से 23 मार्च को आयोजित किया जाएगा। मेले में प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

केंद्र के प्रबंधक यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में किसानों को जागरूक करने के लिए आगामी 21 मार्च से 23 मार्च तक सब्जी मेला आयोजित किया जाएगा।

### गांव देवीपुर के एक व्यक्ति पर चाकू से हमला

**घरौंडा।** गांव देवीपुर के एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर घायल कर देने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसको जान से मारने की धमकी भी दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देवीपुर निवासी शिवम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि कल 6 मार्च की उसके परिवार मे शादी समारोह है। जिस कारण वह कुछ सामान लेने के लिए बरसत बस स्टैंड गया हुआ था। जहां पर दो युवकों ने उसके साथ झगड़ा किया और ओर अचानक ही चाकू से वार किया।

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के फाउंडेशन डे पर भव्य आयोजन

# ग्लोबल आइकन अवॉर्ड से देश की कई महान शख्सियतें सम्मानित

आयोजन में फिल्म अभिनेता दिलीप ताहिल एवं राहुल रॉय और अभिनेत्री सुधा चंद्रन ने सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के सातवें फाउंडेशन डे के विशेष अवसर पर फाउंडर एवं नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में ग्लोबल आइकन अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन हुआ जिसमें फिल्म अभिनेता दिलीप ताहिल एवं राहुल रॉय और फिल्म अभिनेत्री सुधा चंद्रन ने सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर इंटरनेशनल चीफ डायरेक्ट नितिन जैन ने चीफ गेस्ट, इंटरनेशनल चेयरपर्सन सोनिया जैन, डॉ सुनीता, पूर्व आई जी ओम प्रकाश सागर, एनआरआई हरजिंद्र सपड़ा एवं नेशनल चीफ इंचार्ज रवि शर्मा ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।इस अवसर पर दिलीप ताहिल, सुधा चंद्रन एवं राहुल रॉय द्वारा देश के विभिन्न राज्यों की भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रही महान हस्तियों को ग्लोबल आइकन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, सम्मानित होने वालों में डॉ रंजोध सिंह, पवन शर्मा, विशाल काठ, गौरव गाबा, अजीत राही, सुमन सूद, सिमी सूद, सुरिंदर कुमार सहगल, संदीप कुमार, डॉ बलविंदर सिंह, अमित पाहवा, एंबेड देवदास, सज्जाद अली खान, डॉ पारोमि गोस्वामी, कविता गुप्ता, गगन अवस्थी, दीपक शर्मा, विक्की अरोड़ा, रमेश प्रसाद सिन्हा, शाह एमडी मनीरूज जामन, प्रोफेसर संजय मधुकर मोरे, डॉ अज्ञात गुप्ता, मोनिका शर्मा, सुमित पुजाना, हनी अग्रवाल, रवि, रणधीर सिंह संधू, पूर्वा पाहवा, एडवोकेट योगेश कुमार बंसल, अखिलेश सोमपुरा, सतनारायण शर्मा, आशीष कुमार सिन्हा, कपिल गुप्ता, खुर्शीद आलम, साहिल गेरा, मनोद सैनी, नकुल प्रसाद शास्त्री, प्रियंका गोयल, पायल मित्तल, संदीप कुमार, बी डी शर्मा, अमित गर्ग, अर्पित अग्रवाल, परिशीता, रिजुल पंवार, अभिनव सेठी, महावीर सिंह मलिक, मेहर सिंह टाइगर, दयापाल, राजीव कुमार गोयल, राबानी कौर जोली, परमजीत सिंह दुआ, रेनू शर्मा, विजय कुमार सैनी, अशोक अग्रवाल, विख्यात सचदेवा, विनोद मोदगिल, कीर्ति, सतीश कुमार प्रजापत, डॉ मनप्रीत कौर शामिल रहे।



इंद्री। प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते महाविद्यालय के प्रोफेसर। फोटो : हरिभूमि

# राजकीय कालेज इंद्री में 19वीं एथलेटिक मीट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

■ 800 मीटर महिला रेस में संजना ने पाया प्रथम स्थान

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री में दो दिवसीय 19वी एथलेटिक मीट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर राजकुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग की इंचार्ज डॉ रेखा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ विकास अत्री व शारीरिक शिक्षा के प्रो यशपाल उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढक़र भाग लिया। जिसमें 800 मीटर महिला रेस में प्रथम स्थान पर संजना,दूसरे स्थान पर काफी एवं तृतीय स्थान पर मीनाक्षी रहे। 800 मीटर पुरुष रेस में आशु प्रथम, सुनील द्वितीय और विशेष तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर पुरुष रेस में सुनील प्रथम, आशु द्वितीय एवं ललित तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर महिला रेस में काफी प्रथम, अंजली द्वितीय, व मीनाक्षी तृतीय स्थान पर रही। शॉट पुट पुरुष प्रथम सचिन, द्वितीय स्थान ललित, और तृतीय स्थान चिराग ने हासिल किया। महिला शॉट पुट में प्रथम स्थान कशिश, द्वितीय स्थान काफी तथा तृतीय स्थान संजना ने हासिल किया। महिलाओं में 400 मीटर रेस में संजना प्रथम, काफी द्वितीय, अंजली तृतीय स्थान पर रही। पुरुषों में 400 मीटर की रेस में ललित प्रथम स्थान,सुनील द्वितीय स्थान व सचिन तृतीय स्थान पर रहे। जैवलिन थ्रो में पुरुषों में ललित प्रथम स्थान,नितिन द्वितीय स्थान और यश तृतीय स्थान पर रहे। महिलाओं में जैवलिन थ्रो में सुनीता प्रथम स्थान, लक्ष्मी द्वितीय और काफी तृतीय स्थान पर रही। लांग जंप महिला में काफी प्रथम, तनु रानी द्वितीय एवं संजना तृतीय स्थान पर रही। लॉन्ग जंप पुरुष में ललित प्रथम, सचिन द्वितीय व विशेष तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर की रेस में पुरुषों में प्रथम स्थान पर ललित ,द्वितीय स्थान पर यश कुमार और तृतीय स्थान पर उदयवीर रहे।

# भागवत कथा में पं. शिव विलास द्विवेदी महाराज ने सुनाया भक्त ध्रुव का वृतांत

■ प्राचीन शिव मंदिर में कथा के दौरान उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



प्राचीन शिव मंदिर न्यू चार चमन करनाल में तृतीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ में पावन यज्ञ में पावन ज्योत अजय ग्रोवर, मीतू सैनी, गुरुदेव महाराज ने परिवार सहित प्रज्जवलित की। कथा प्रवक्ता परम श्रद्धेय पं. शिव विलास द्विवेदी वैष्णवचार्य महाराज (चित्रकूट धाम) ने कथा करते हुए कहा कि कथा सुनने से करोड़ो जन्मों का पुण्य प्राप्त होता है। भागवत कथा को सदा सुनना चाहिए। कथा करते हुए महाराज जी ने भक्त धुरव का वृतांत सुनाया। माता ने कहा कि उसे भगवान की पूजा अराधना करनी चाहिए। माता के वचन सुनकर धुरव भगवान की आराधना के लिए चल दिए। आये हुए अतिथियों को प्रधान बलराज भारती ने संस्था के सदस्यों के साथ मिलकर सम्मानित किया। कथा के चौथे दिन भजन गायिका ज्योति गनौत्रा ने भजनों के माध्यम से प्रभु की महिमा का गुणगान किया। मंच संचालन शाम चुटानी ने किया। सामूहिक रूप से आरती करके भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। सैंकड़ों लोगों ने कथा में शिरकत की। इस अवसर पर प्रधान बलराज भारती, शाम चुटानी, सुभाष गुरेजा, राहुल चुटानी, आत्म वधवा, गुलशन विरमानी, दीवान पुजारा आदि मौजूद रहे।

### चार युवकों ने बुजुर्ग के साथ की मारपीट

**घरौंडा।** गांव कम्बोपुरा के घर में सो रहे एक बुजर्ग के साथ चार युवकों द्वारा मारपीट करते हुए घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जाँच आरम्भ कर दी है। कम्बोपुरा निवासी अंकित कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि गत रात्रि करीब 2 बजे उसके पिता राजेंद्र कुमार घर के बाड़े में सो रहे थे तो गांव के ही सुनील व सुरजीत के अलावा दो-तीन अन्य लड़के मेरे पिता को घर के बाड़े से उठाकर रविदास मंदिर के पास ले गए और वहां जाकर उसकी लाठी डंडों से पूरी तरह से मारा पीटा है। और जाते समय मेरे पिता को जान से मारने की धमकी दे गए। सुबह 4 बजे हम अपने पिता को उठाकर करनाल सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच आरम्भ कर दी है।

# गीता माडर्न स्कूल में खेल प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

■ खेलों में प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। बच्चों को खेल प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण करते हुये स्टाफ।

गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खेल प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रबंधक महोदय बालकृष्ण त्रिपाठी, प्रधानाचार्य रागिनी राय व निर्देशक सुरेश चंद ने विद्यार्थियों को प्रमाण -पत्र व मेडल देकर पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने खो -खो, रस्सा कशी ,लंबी -कूद ,ऊंची -कूद ,रेस ,कुर्सी दौड़ ,गुब्बारा- संतुलन आदि खेलों में बढ़ -चढक़र भाग लिया । बच्चों को पुरस्कार देकर बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि खेलकूद का विद्यार्थी जीवन में बहुत महत्व है जिससे बच्चों का शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। प्रधानाचार्या श्रीमती रागनी राय ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी बढ़ -चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर राजवीर ,नीरज ,विशाल ,शशि ,सारिका शिक्षक गण रहे।



इंद्री। प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते महाविद्यालय के प्रोफेसर। फोटो : हरिभूमि

# श्याम बाबा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से मनाए जा रहे श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव में देश प्रदेश से भजन गायक श्याम बाबा का गुणगान करने के लिए पहुंच रहे हैं। 10 दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन सैकड़ों लोग श्री खाटू श्याम मंदिर प पहुंचकर संकीर्तन करते हैं। श्याम बाबा का भव्य स्वरूप आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लोग हाथों में निशान लेकर श्याम बाबा की जय-जयकार करते हुए आते हैं। महोत्सव के चौथे दिन नितेश शर्मा गोलू (कोलकता), गतिक सिंगला, सौरभ नौटियाल (उतराखंड), दिलावर कौशिक, कमल नायक (पंजाब), गुरप्रीत सिंह धालीवाल ने अपने भजनों से श्याम बाबा को रिझाने का काम किया। नितेश शर्मा ने जब ये वादा किया था संभालेंगे हमको, पापों से मोहन बचाओ हमको गाया तो श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। सजा दो घर को गुलशन-सा मेरे सरकार आए हैं, मिलोगे मोहन तो बताएंगे कितना प्यार है हमें, जैसी प्रस्तुतियों ने झूमने पर मजबूर कर दिया। मंदिर खाटू नरेश की जय, तीन तीर धारी की जय, हारे के सहारे की जय के घोष से गुंजायमान रहा। जय श्री श्याम और काम तो मेरा श्याम ही आएगा लिखकर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। पंकिल गोयल और जतिन सिंगला ने बताया कि यजमानों और अतिथियों के रूप में सांसद प्रतिनिधि कविंदर राणा, मनोज राणा, राजेश सैनी, निखिल मित्तल ने शिरकत की।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

पंकिल गोयल और जतिन सिंगला ने बताया कि महोत्सव का आयोजन 10 मार्च तक चलेगा। संकीर्तन का समय शाम छह बजे से रात्रि 10.30 बजे तक रखा गया है। करनाल और हरियाणा के साथ-साथ अन्य राज्यों से भजन गायकों को फाल्गुण महोत्सव में आमंत्रित किया गया है। लगभग 45 गायक श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करें। मंदिर को भव्य रूप में सजाया गया है। इस अवसर पर ए.पी.चावला, प्रवीण गोयल, योगेश गोयल, अमन गोयल, अशोक गुप्ता, सुभाष गुप्ता, मोहित, अंशुल जैन, मोहन लोधी, सुशील गर्ग, संदीप गुप्ता, जयंत भारद्वाज, अजीत जैन, राजीव जैन, मनीष गर्ग, नीतिन अरोड़ा, विशाल सैनी, निखिल मित्तल, अंशुल गर्ग, संध्या लोधी व सचिन गुप्ता मौजूद रहे।

### एसडीएम ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**इंद्री।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को पूरी तरह नकल रहित सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन लगातार सक्रिय होकर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर निगरानी कर रहा है। बुधवार को उपमंडल के विभिन्न स्कूलों में चल रही 10वीं व 12वीं की बोर्ड की परीक्षाओं को नकल रहित करवाने के उद्देश्य से एसडीएम अशोक मुंजाल ने हरियाणा विद्यालय बोर्ड द्वारा उपमंडल में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का दौरा कर चल रही परीक्षा का बारीकी से निरीक्षण किया और परीक्षा केन्द्रों में तैनात स्टाफ से बातचीत कर परीक्षा को नकल रहित बनाने एवं नकल रोकने के सख्त निर्देश दिए। एसडीएम ने परीक्षार्थियों के बीच पहुंचकर स्वयं जायजा लिया।

# नागरिक जलापूर्ति व सीवरेज के अवैध कनेक्शन को करवाएं वैध: निगमायुक्त

■ कनेक्शन लेने के उपरांत मीटर अवश्य लगवाएं नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सभी शहरवासियों से अपील करते कहा है कि जिन व्यक्तियों ने नगर निगम की अनुमति के बिना जलापूर्ति व सीवरेज के अवैध कनेक्शन लिए हैं, वह उन्हें वैध करवा लें। इसके लिए नागरिकों को 15 दिनों का अतिरिक्त समय दिया है। इसके अतिरिक्त अवैध कनैक्शन लेने वाले लोगों को करीब 600 नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं। निगमायुक्त ने कहा कि अवैध कनेक्शन लेने वाले नागरिक निर्धारित फीस व दस्तावेज जमा करवाकर अपने कनेक्शन को वैध करवाएं। इस अवधि के बीत जाने के बाद अवैध कनेक्शन लेने वाले नागरिकों पर नगर निगम सख्त रूख अपनाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले 15 दिनों में करीब 40 लोगों ने ही कनेक्शन लिए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जिन नागरिकों ने रिहायशी कनेक्शन लिए हुए हैं, परंतु मीटर नहीं लगवाएं हैं, वह भी अपने मीटर जल्दी से लगवा लें। इससे उनकी सालाना बिल राशि आधी हो जाएगी।

### यह देने होंगे दस्तावेज

उन्होंने बताया कि जलापूर्ति एवं सीवरेज कनेक्शन लेने के लिए नागरिकों को एक आवेदन लिखना होगा। आवेदन के साथ सम्पत्ति की रजिस्ट्री, मालिक का आधार कार्ड, फोटो, पडोसी का जलापूर्ति व सीवरेज बिल, सम्पत्ति कर बिल तथा परिवार पहचान पत्र की फोटोप्रति संलग्न करके नगर निगम करनाल कार्यालय में फाईल जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक स्थानों में जिन लोगों ने नगर निगम से कनेक्शन लेकर मीटर लगवाएं हुए हैं, उनका बिल, मीटर रिडिंग के अनुसार या 1440 रूपये सालाना आता है। इसके विपरित जिन लोगों ने मीटर नहीं लगवाएं हैं, ऐसे लोगों का सालाना बिल 15 हजार रूपये आता है। इसलिए उन्होंने कहा कि सभी लोग कनेक्शन लेने के पश्चात मीटर अवश्य लगवाएं।

# एमएलए जगमोहन आनंद ने प्री-बजट परामर्श में रखी डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



सिविल अस्पताल शिफ्ट करने, अंतरराष्ट्री क्रिकेट स्टेडियम और शहर के सौंदर्यकरण को लेकर उठाई मांग

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल को विकास के पर आगे बढ़ाना मेरा पहला दायित्व है। इसके लिए निरंतर प्रयास जारी है। इसी कड़ी में उन्होंने मुख्यमंत्री को बजट सत्र 2025-26 के लिए करनाल के विकास कार्यों एवं जनहित के लिए सुझाव दिए हैं।

विधायक ने मुख्यमंत्री को कुल 12 सुझाव दिए हैं, जो करनाल की जनता से सीधे जुड़े हैं। उन्होंने करनाल के लिए बड़े-बड़े प्रोजेक्ट की डिमांड भी रखी है। उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आमजन के हित का बजट पेश करेंगे जिसमें करनाल की जनता को भी सौगात मिलेगी।विधायक ने कहा कि बजट परामर्श सुझाव में करनाल के सिविल अस्पताल को शिफ्ट करने और नई बिल्डिंग निर्माण की मांग रखी गई है। करनाल जिला की आबादी/ऐरिया व मरीजों की संख्या को देखते हुए मौजूदा अस्पताल की बिल्डिंग छोटी है। ऐसे में सैक्टर-32 में नई बिल्डिंग का निर्माण कर अस्पताल को शिफ्ट किया जाए।

**दीक्षांत समारोह** क्षेत्रीय केंद्र करनाल के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने ली डिग्री

# इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल में हुआ 38वें दीक्षांत समारोह का आयोजन, डिग्री पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल द्वारा अपना 38वां दीक्षांत समारोह सीएसएसआरआई के सभागार में आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ की गई । इसके बाद समारोह के मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया उन्होंने कहा शिक्षा की कोई उम्र नहीं होती। ज्ञान किसी भी उम्र में प्राप्त किया जा सकता है इस कहावत को साबित कर दिखाया है देश में शिक्षा की अलख जगा रहे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने। आज करनाल में आयोजित 38वें दीक्षांत समारोह में लगभग 300 विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा की डिग्री हासिल की। इस अवसर पर जहां नई दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वर्चुअल मोड में शिरकत की वहीं करनाल में आयोजित दीक्षांत समारोह में हरियाणा तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ राजेश गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि

### 22500 विद्यार्थी डिग्री पाने के लिए योग्य

डॉ धर्मपाल ने बताया कि आज इग्नू का दीक्षांत समारोह देश के 39 क्षेत्रीय केंद्रों पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें 3 लाख 17 हजार छात्रों को डिग्रियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि करनाल क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत लगभग 22500 विद्यार्थी डिग्री पाने के लिए योग्य है । उन्होंने कहा कि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल का नामांकन और अधिक बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा।

### मुख्य अतिथि के रूप में ये रहे मौजूद

दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश गोयल ने कहा यदि कोई विद्यार्थी नौकरी करते हुए या अपना काम करते हुए उच्च शिक्षा हासिल करना चाहता है तो इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक अवसर की तरह है आज का युवा अपने पैरों पर खड़ा होकर आत्मनिर्भर बनना चाहता और इग्नू ऐसे सभी युवाओं को मौका देती है इस समारोह में स्वागत भाषण उप निदेशक डॉ अमित कुमार जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन किरण सचदेवा, डिग्री वितरण सम्बंधित डॉ ज़ेबा, कु अनामिका, राजीव दिलौरी, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे अनुभाग अधिकारी रोबिन वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## खबर संक्षेप



पानीपत। स्कूल के वार्षिक समारोह में प्रस्तुति देते नन्हें-नन्हें बच्चे।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

**पानीपत।** सलारगंज गेट स्थित फादर्स प्राइड प्लेवे का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें नन्हे मुन्नों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं धमाल मचाया। बच्चों के पिता से ही कार्यक्रम का शुभारम्भ करवाया गया एवं उपहार बटवाए गये। चेयरमैन संजीव परूथी एवं प्रिंसिपल गीतू परुथी ने बच्चों की प्रशंशा करते हुए कहा कि ऐसे समारोह से ही बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। नन्हे मुन्नों बच्चों ने देशभक्ति गीत के साथ अन्य प्रस्तुतियों से समा बांधा। इस मौके पर सीमा, पूजा, अनु, मोना, संजना, कोमल, साक्षी, अमृत, आयुषी, पिंकी, अमन, दीपिका, दीप्ति, रुचि, बेबी, सोनिया,नीतू व उमा आदि प्रमुख रूप से उपस्तिथ रहे।

### कुराड़ से श्री श्याम ध्वज यात्रा 9 मार्च को

**बापौली।** श्री श्याम लाडला परिवार कुराड़ द्वारा चौथी श्री श्याम ध्वज यात्रा 9 मार्च को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए श्री श्याम लाडला परिवार कुराड़ के सदस्य अजय शर्मा ने बताया कि गांव के मुख्य अड्डे से 9 मार्च को सुबह 6 बजे एक भव्य श्री श्याम ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें श्याम भक्त श्री श्याम जी के भजनों पर झूमते गाते हुए श्री श्याम ध्वज लेकर पैदल चुलकाना धाम स्थित श्याम बाबा के मंदिर में पहुंचकर ध्वज चढ़ाएंगे और श्री श्याम बाबा के दर्शन करेंगे। अजय शर्मा ने गांव कुराड़ के साथ-साथ अन्य श्याम प्रेमियों से भी अनुरोध किया है कि वह समय पर पहुंचकर श्री श्याम ध्वज यात्रा में शामिल होकर पुण्य के भागी बने एवं श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### तेज गर्मी से बचाव के लिए डीसी ने दिए दिशा निर्देश

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने आगामी समय में तेज गर्मी व हीट वेव के दृष्टिगत आमजन की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए जिला सचिवालय में बुधवार को हुई बैठक में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि सभी विभाग व अधिकारी ये सुनिश्चित कर लें कि किसे किस चीज की कितनी आपूर्ति तथा कहां करनी है। उन्होंने विशेष कर पब्लिक हेल्थ को पीने के पानी के प्रबंध के लिये, सिंचाई विभाग,पशुपालन विभाग, कृषि विभाग,रेवेन्यू विभाग,विकास एवं पंचायत विभाग को अन्य कार्यों के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि वे इस मौसम में जरूरी सावधानी बरतें व गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें।

### शिफ्टिंग में कोताही पर नपेंगे अधिकारी : डीसी

**पानीपत।** खुखराना गांव की शिफ्टिंग को लेकर आज जिला सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हाल में उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने बिजली, सिंचाई, पंचायती राज, स्वास्थ्य विभाग, जिला नगर योजनाकार, राजस्व विभाग के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर वर्तमान स्थिति की जानकारी ली व आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि गांव की शिफ्टिंग में देरी के लिए अधिकारी जिम्मेदार होंगे। इस कार्य के लिए अधिकारियों को बार बार सूचित नहीं किया जाएगा। शिफ्टिंग का यह कार्य और तेजी से करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं उपायुक्त ने जिला राजस्व अधिकारी को पानीपत से 402 व 43 प्लाट धारकों को अलॉटमैंट लेटर जारी करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज, सीईओ जिला परिषद डॉ. किरण, डीआरओ रणविजय सुल्तानिया, सीएमओ जयंत आहुजा, डीडीपीओ राजेश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, एसडीओ बिजली विभाग नरेन्द्र जागलान, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कर्ण बहल मौजूद रहे।

---

शहर के नागरिकों को मिलेगा शुद्ध यमुना का जल : कृष्ण लाल पंवार

# मंत्री ने विभिन्न वार्डों में किया मेयर प्रत्याशी कोमल और पार्षद प्रत्याशियों के लिए प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

नगर निगम चुनाव के लिए आज वार्ड 7 की देशराज कॉलोनी के शर्मा भवन में जनसभा का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पूर्व पार्षद अशोक कटारिया रहे। अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नेहा शर्मा ने की। प्रवीन शर्मा ने सभी का स्वागत किया। पूर्व मेयर स.भूपेन्द्र सिंह ने आभार व्यक्त किया। मंत्री पंवार ने आज जगन्नाथ विहार, राजीव कालोनी व देशराज कालोनी में भाजपा का प्रचार किया। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनाव चल रहे हैं। जिसके पहले चरण में अन्य नगर निगमों के लिए मतदान हो चुका है और आने वाली 9 मार्च को पानीपत नगर निगम के लिए मतदान होना है। उन्होंने कहा कि शहर में विकास कार्यों की गति को अनवरत जारी रखने के लिए भाजपा की जीत जरूरी है। जिससे शहर के नागरिकों को शुद्ध यमुना जल मिलेगा और जल निकासी का बेहतर प्रबंधन होगा।


पानीपत। वार्ड 7 में जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री कृष्ण लाल पंवार।



पानीपत। वार्ड 9 में कोमल सैनी का स्वागत करते हुए दिनेश पुजारा।

### बीजेपी के पक्ष में मतदान करेगा प्रजापति समाज

**पानीपत।** प्रजापति कुम्हार महासभा की जिला इकाई की एक बैठक आज जाटाल रोड पीपल वाली गली में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रजापति कुमार महासभा अपनी बिरादरी की सभी वोट बीजेपी को डलवाने की भूमिका अदा करेगी। महासभा के महासचिव महावीर बावलिया ने कहा कि बीजेपी ने प्रजापति समाज को मान सम्मान प्रदान करते हुए नगर निगम चुनाव में उसको राजनीतिक हिस्सेदारी प्रदान करने का काम किया है। जिसके चलते समाज ने फैसला लिया है कि पूरा प्रजापति समाज बीजेपी की निगम की मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी व हर वार्ड में चुनाव लड़ रहे बीजेपी के प्रत्याशियों को वोट देने का काम करेगी। इतना ही नहीं बल्कि उसकी सभा के सदस्यों द्वारा अपने मित्रों को भी बीजेपी के पक्ष में मतदान करने लिए आह्वान करेंगे।

### गली में चाय पर चर्चा की

नगर निगम की मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी ने आज शहर के विभिन्न वार्डों में संबंधित क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी को साथ लेकर प्रचार किया। वार्ड 15 के मैक्स फिटनेस केंद्र में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इसी वार्ड के शिव मंदिर वाली गली में चाय पर चर्चा की। इसके बाद एमजेआर संस्थान में जनसभा को संबोधित किया। अपने तूफानी चुनाव प्रचार अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। भाजपा की सरकार में हरियाणा भी अपना योगदान दे रही है।

उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि 9 मार्च को भाजपा मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी और अपने वार्ड के भाजपा पार्षद प्रत्याशी को कमल का बटन दबाकर नगर निगम में भाजपा को जीत दिलाएं।

---


पानीपत। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए डीसी डा.वीरेंद्र दहिया व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# समाधान शिविर में आज आईं 96 समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- नागरिकों के उज्जवल भविष्य के लिए दिखाएं अपनी प्रतिभा का हुनर : डीसी

उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने आज जिला सचिवालय में समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि जरूरतमंद नागरिक के उज्वल भविष्य के लिए अधिकारियों को अपनी क्षमता का उपयोग करते हुए कम से कम समय में ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का समाधान करना है। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर को और प्रभावी बनाने के लिए और मेहनत करने की आवश्यकता है। हमें इस चुनौती को हर हाल में पार लगाना है। साकारात्मक रूप से समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का समाधान करना है। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने कहा कि ये समाधान शिविर मुख्यमंत्री की दुरगामी सोच के तहत आयोजित किये जा रहे हैं। समाधान शिविर में आज 96 समस्याएं आई। अनेकों समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज, निगम संयुक्त आयुक्त डॉ.संजय, सीईओ जिला परिषद डॉ.किरण, नगराधीश टीनू पोसवाल,एमडी शुगरमिल मनदीप, डीआरओ रणविजय सुल्तानिया, सीएमओ जयंत आहुजा,डीडीए आत्माराम गोदारा, एसडीओ बिजली विभाग सत्यावान कादियान, फायर ऑफिसर गुरमेल सिंह, एसडीओ सुबे सिंह, डीपीओ परविंदर कौर, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कर्ण बहल आदि मौजूद रहे।

---

# दुष्यंत भट्ट ने कॉलोनियों में प्रचार कर भाजपा के लिए मांगें वोट

- घर-घर जाकर भाजपा का कमल खिलाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

भाजपा के सभी उम्मीदवार ही नहीं सभी पदाधिकारी घर-घर जाकर भाजपा को रिकॉड मतों से विजयी बनाने का अनुरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने मेयर पद की प्रत्याशी कोमल सैनी और भाजपा वार्ड 26 पार्षद पद की उम्मीदवार कुसुम भट्ट के पक्ष में मतदान कर जीत दिलाने की अपील की। वार्ड 26 प्रत्याशी कुसुम भट्ट ने डिवाइन स्कूल, सैनी कॉलोनी, हरि नगर की घनश्याम वाली गली, गाबा कॉलोनी, सेक्टर 6 व आसपास क्षेत्र में घर-घर जाकर भाजपा का कमल खिलाने की अपील की।


पानीपत। वार्ड 26 में कुसुम भट्ट का स्वागत करते हुए वार्ड वासी। फोटो :हरिभूमि

### डॉ.किरण सिंह ने विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया

**पानीपत।** जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर किरण सिंह ने बुधवार को ऑफिस व निजामपुर में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि जन संवाद, सीएम विंडो पर जो भी पेंडेंसी हैं उन्हें तत्काल पूरा करें व समन्वय स्थापित करके कार्य करें। वह सरकार की योजनाओं को लेकर सीएम विंडो से मिलने वाली शिकायत और जन संवाद की शिकायतों का रोजाना रिव्यू करेंगे।

# फ्लाइंग स्क्वायड अलर्ट, डीसी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

- सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। डीसी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने आज विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा भी मौजूद रहे। डीसी ने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। परीक्षा कक्षों में जाकर परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था देखी।



पानीपत। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर लौटते डीसी डा.वीरेंद्र दहिया।

---


सीपीएम कार्यालय में कांग्रेसी मेयर प्रत्याशी सविता गर्ग को समर्थन का ऐलान करते हुए।

### माकपा ने की कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा

**पानीपत।** भारत की मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी जिला कमेटी गीता कॉलोनी में नगर निगम मेयर पद की कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार सविता गर्ग के समर्थन में चुनावी सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता सीपीएम जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक ने की। का. सुनील दत्त ने कहा कि देश के अंदर पिछले 10 वर्षों में देश की सत्ता पर केंद्र व राज्य के अंदर भाजपा नेतृत्व वाली सरकार सत्ता पर काबिज है। जिसके चलते देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो रही है। देश को बड़े कॉर्पोरेट घरानों अडानी-अंबानी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हाथों गोलियों के भाव नीलाम किया जा रहा है। इसलिए माकपा हरियाणा में भाजपा के उम्मीदवारों को हराने के लिए काम कर रही है। इस अवसर पर राजपाल, नवीन सपड़ा, शीशपाल मलिक, भले राम शर्मा, बलवान सिंह नांदल, पायल आदि मौजूद रहे।

# निगम चुनाव को लेकर आईजी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए

- एसपी लोकेंद्र सिंह ने पौधा देकर उनका स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

निगम चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न कराने के मद्देनजर आईजी करनाल मंडल कुलदीप यादव ने एसपी लोकेंद्र सिंह के साथ अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निदेश दिए। आईजी कुलदीप यादव पदभार ग्रहण करने के बाद बुधवार को पहली बार पानीपत पहुंचे थे। एसपी लोकेंद्र सिंह ने पौधा देकर उनका स्वागत किया। डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, डीएसपी राजबीर सिंह, डीएसपी नरेंद्र सिंह व डीएसपी सुरेश कुमार सैनी भी बैठक में मौजूद रहें। आईजी कुलदीप यादव ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी के साथ अधिकारियों की बैठक लेकर निगम चुनाव के दौरान किये जाने वाले सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली और समीक्षा उपरांत जरूरी दिशा निर्देश दिए।


पानीपपत। आईजी कुलदीप यादव का स्वागत करते हुए एसपी लोकेंद्र सिंह।


पानीपत। हरिसिंह कॉलोनी में जनसभा में मंचासीन काजल शर्मा व अन्य।

### समस्याओं से मुक्ति के लिए करें भाजपा को वोट : काजल

**पानीपत।** वार्ड नंबर 2 की भाजपा प्रत्याशी काजल शर्मा धर्मपत्नी अनिल शर्मा के समर्थन में आज हरिसिंह कॉलोनी में कृष्ण जांगड़ा द्वारा आयोजित चुनावी सभा में बोलते हुए काजल शर्मा ने कहा कि आने वाली 9 मार्च को कमल के फूल के सामने का बटन दबाकर उन्हें वोट देकर कामयाब बनाएं। उनके पार्षद बनने के बाद वार्ड की कोई भी समस्या बकाया नहीं रहेगी। बिजली,पानी,स्ट्रीट लाइट सभी बुनियादी सुविधाएं दिलाई जाएंगी। वहीं काजल शर्मा के पति अनिल शर्मा ने कहा कि वार्ड की जनता को समस्याओं से मुक्ति दिलाना उनका लक्ष्य है। वहीं वार्ड नंबर 6 की प्रत्याशी कोमल पांचाल ने कॉलोनी वासियों से अपील की है कि वह आने वाली 9 मार्च को काजल शर्मा एवं मेयर पद की प्रत्याशी कोमल सैनी को वोट देकर सफल बनाएं। इस अवसर पर कृष्ण जांगड़ा,महेंद्र जांगड़ा,विकी जांगड़ा, कैलाश पाल, राजमल इंसा, विजय मेहता,डॉ. राकेश रोहिल्ला,सचिन पाल,कुलदीप एडवोकेट,रिंकू सेन, गुलाब, गुलशन कुमार, हेमंत शर्मा, सोनू आदि मौजूद रहे। जांगड़ा व संजय पंडित आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---

# मेले पर लगने वाला विशाल भंडारा दिन-रात चलेगा

- 9 मार्च से पौ फटते ही श्री श्याम बाबा जी का सतरंगी फाल्गुन मेला शुरू हो जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

अमृतमई श्री श्याम जी की रसोई चुलकाना धाम समालखा ने छप्पन भोग भंडारे की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। चुलकाना धाम श्री श्याम बाबा मेला शुरू होने से पहले 7 मार्च को सनातन धर्म के अनुसार 33 करोड़ देवी देवताओं से सुशोभित गोमाता को हरे चारे व बेजुबान पक्षियों को नई अनाज मंडी समालखा में दाना खिलाएंगे। वहीं 8 मार्च को सुबह 6 बजे श्री श्याम रसोई के सेवादारों द्वारा श्री श्याम लाइब्रेरी में जहां भंडारा होगा वहां हवन यज्ञ करवाएंगे तथा आहुति डालेंगे। जबकि 9 मार्च से पौ फटते ही श्री श्याम बाबा जी का सतरंगी फाल्गुन मेला शुरू हो जाएगा जो लगातार 72 घंटे से भी अधिक चलेगा। अमृतमयी श्री श्याम जी की रसोई का छप्पन भोग का अखंड भंडारा भी 9 मार्च को सुबह 5 बजे कंजक बिठाकर आरंभ किया जाएगा जो लगातार 72 घंटे से भी अधिक बाबा श्यामजी की ईच्छा तक चलता रहेगा।


भंडारे के बारे जानकारी देते हुए श्री श्याम रसोई चुलकाना धाम के सदस्य।

# पोस्ट बजट वेबिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आईबी महाविद्यालय में 5 मार्च को स्टाफ मेंबर्स और विद्यार्थियों के लिए बजट घोषणाओं 2025 के कुशल और त्वरित कार्यान्वयन के लिए पोस्ट बजट वेबिनार के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि यह वेबिनार सरकारी अधिकारियों, व्यवसाय जगत के नेताओं और व्यापार विशेषज्ञों के लिए भारत की औद्योगिक, व्यापारिक और ऊर्जा रणनीतियों पर चर्चा का मंच प्रदान करेंगे। इस अवसर पर डॉ.नीलम दहिया, डॉ. पूनम मदान, प्रो.सोनिया,डॉ.सुनीता ढांडा, प्रो.अश्वनी गुप्ता, प्रो.सोनल,प्रो.दीप्ति, प्रो.नीतू, प्रो.प्रिय, प्रो.प्रीती, प्रो.मिलन, प्रो.नीरू, प्रो.मोहित, प्रो.पूजा शर्मा, प्रो.पूजा रूहल व टिंकू आदि उपस्थित रहे।


पानीपत। वेबिनार में मौजूद प्राचार्य डा.शशि प्रभा मलिक व अन्य।

---

**शोक** हजारों युवाओं का सैलाब और ग्रामीण उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए

# सूबेदार सुनील का शरीर पचंतत्व में विलिन

- अंतिम संस्कार से पहले सेना की टुकड़ी ने सलामी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

देश की माटी का सपूत शहीद सूबेदार सुनील कुमार बुआना लाखू आज पंचतत्व में विलीन हो गया। हजारों युवाओं का सैलाब और ग्रामीण उसकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। सेना का वाहन जब शहीद के पार्थिव शरीर को लेकर शाहपुर गांव पहुंचा तो हजारों युवाओं ने भारत माता जिंदाबाद,शहीद सुनील अमर रहे और वंदे मातरम के नारों से स्कूली छात्रों और युवाओं ने माहौल को गमजदा कर दिया। हाथों में तिरंगा लेकर मोटरसाइकिल और ट्रैक्टरों के जत्थे के साथ जब पार्थिव शरीर शहीद के घर पहुंचा तो हर एक की आंखों में आंसू थे। अंतिम संस्कार से पहले सेना की टुकड़ी ने सलामी दी और प्रशासनिक अधिकारियों इसराना के एसडीएम आशीष कुमार व तहसीलदार नरेंद्र सिंह ने शहीद के परिवार का हौसला बढ़ाया और श्रद्धांजलि अर्पित की। भाई ने पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी और शहीद सुनील कुमार हमेशा के लिए अमर हो गए। गौरतलब है कि सुनील कुमार सेना में स्पोर्ट्स कोटे से भर्ती हुए थे और बॉक्सिंग व समेंसिंग वॉलीबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी थे। उनके पिता दिवंगत जगदीश चंद्र भी सेना से सेवानिवृत्ति थे और भाई रूपन मलिक उर्फ राम रूप भी सेना में सेवाएं दे चुके हैं। पूर्व पार्षद रंजीता कौशिक के साथ सरपंच कुलदीप सिंह व पंचायत व खनन मंत्री कृष्ण पंवार के भाई महेंद्र पंवार आदि अंतिम संस्कार में शामिल हुए।


:सूबेदार सुनील का फाईल फोटो।


इसराना। सूबेदार सुनील के पार्थिव शरीर को लेकर घर पहुंचे सेना के जवान।

# विद्यार्थियों द्वारा किया गया प्रदर्शन काबिले तारीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पांच दिवसीय यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आर्य पीजी कालेज में किया जा रहा है। जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन रोहित शर्मा राज्य कार्यक्रम अधिकारी एवं स्टेट यूथ कोर्डिनेटर, हरियाणा रेडक्रास सोसाईटी चण्डीगढ़ विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथिगण का स्वागत हरमेश चन्द शिविर निदेशक एवं जिला प्रशिक्षण अधिकारी रेडक्रास, राजा तंवर यूथ रेडक्रास काउंसलर आर्य कालेज, सुदेश कुमारी प्रोजैक्ट मैनेजर, सोनिया, कला भारद्वाज सहित अन्य अन्य प्रतिभागियों ने पुष्पगुच्छ देकर व फूल मालाओं से किया। प्रतियोगिताओं के दौरान गुलाब पंचाल ने बतौर जज शिरक्त की और डा. सोनू सिंह व सुदेश ने भी बतौर जज अपनी भूमिका अदा की। गुलाब पांचाल ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा किया गया प्रदर्शन काबिले तारीफ है। डा.मुकेश आर्य, लाल चन्द, प्रदीप, अमित कुमार व किशोर आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने भौगोलिक मॉडल प्रस्तुत किया

**नारायणगढ़।** राजकीय कालेज के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ खुशीला की अध्यक्षता तथा कार्यकारी प्राचार्य देवेंद्र ढींगरा की अगुवाई में डीएवी कॉलेज अंबाला सिटी में हुए राज्य स्तरीय भूगोल एग्जीबिशन में हाइड्रोलॉजिकल बलबसम पर भौगोलिक मॉडल प्रस्तुत किया। भौगोलिक मॉडल का प्रस्तुतीकरण छवि और गौरव ने किया। छात्रा छवि ने भौगोलिक मॉडल का प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार से बादल बनकर वर्षा होती है। नदियों का निर्माण हो जाता है। इस दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ. सतीश कुमार और बालाराम भी साथ रहे।

### कमानीदार चाकू सहित आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा क्षेत्र से अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी हैप्पी को कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए-शहजादपुर को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार लेकर साहा से अंबाला रोड सरकारी नर्सरी के पास सड़क किनारे खड़ा है। जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरांत रेड कर आरोपी को काबू किया गया।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 4 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कालाअंब में स्थित उसके घर से आरोपी ने गैस सिलेंडर चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी के कब्जे से सिलेंडर जब्त किए हैं।

### नशा तस्करी का आरोपी जांच में किया शामिल

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में एंअी नारकोटिक सैल ने आरोपी सौरभ को अदालत के आदेश पर शामिल जांच किया है। 27 जनवरी को एएनसी को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। शमशान घाट बब्याल के पास एक्टिवा पर ग्राहक को मादक पदार्थ देने आएगा। सूचना पर पुलिस ने आरोपी का 12 ग्राम 35 मिलिग्राम मादक पदार्थ हेरोइन समेत काबू किया था।

### नेशनल लोक अदालत में केसों का होगा निपटारा

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने बताया कि 8 मार्च 2025 को इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च 2025 को अंबाला एवं नारायणगढ़ की सभी अदालतों में होना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने केस को नेशनल लोक अदालत में निपटारा करवाना चाहता है तो वह न्यायलय में अपने केस को लगवा सकता है।

# मॉडल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ता का पुरस्कार अतिशय को मिला

## डीएवी महाविद्यालय में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी महाविद्यालय के भूगोल विभाग ने राज्य स्तर पर भूगोल प्रदर्शनी और पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों से 11 टीमों ने विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए और 15 टीमों ने अपने पोस्टर भी प्रदर्शित किए l प्रतिभागियों ने प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक आपदाओं और उनके प्रबंधन, सतत पोषणीय विकास, प्रदूषण के प्रकार और उनके निवारण, हवाई फोटोग्राफी और रिमोट सेंसिंग के अतिरिक्त भौतिक भूगोल और मानव भूगोल से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने मॉडल और पोस्टर प्रस्तुत किए l इस कार्यक्रम के संयोजक उपप्राचार्य व भूगोल विभाग के विभागध्यक्ष प्रोफेसर आरएस परमार रहे जबकि डॉक्टर नरेंद्र कुमार सह संयोजक और मनीष कुमार आयोजन सचिव रहे l कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एसपी कौशिक उपस्थित हुए। निर्णायक मंडल में डॉ. अनुपमा सिहाग, मनोविज्ञान विभाग, गांधी मेमोरियल नेशनल महाविद्यालय अंबाला कैंट और डॉ. सरिता राणा जीव विज्ञान विभाग, इंटीग्रेटेड और ऑनर स्टडी इंस्टीट्यूट, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से शामिल हुए l निर्णायक मंडल मे महाविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओ का आंकलन डॉ. रेखा शर्मा, प्रो. क्यूट, डॉ. गरिमा एवं डॉ. प्रियंका ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन तथा महाविद्यालय के उप प्राचार्य प्रोफेसर आरएस परमार ने किया l उन्होंने प्रदर्शित किए गए प्रत्येक मॉडल और पोस्टर का निरीक्षण किया और प्रतिभागियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की l निर्णायकों ने भी सभी पोस्टर और मॉडल का ध्यान पूर्वक मूल्यांकन किया l जिसमें प्रतिभागियों की रचनात्मकता, ज्ञान और प्रस्तुति कौशल का मूल्यांकन किया गया l प्रतियोगिता को दो श्रेणियां में विभाजित किया गया l पहली श्रेणी में भूगोल के मॉडल और दूसरी श्रेणी में पोस्टर प्रस्तुति शामिल रहे l भूगोल के मॉडल श्रेणी में राज्य स्तर की प्रतियोगिता में पहला स्थान सरकारी महाविद्यालय बरवाला के सचिन और राज तिवारी ने प्राप्त किया जबकि दूसरा स्थान सरकारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबाला कैंट के लविता और अंकित ने और तीसरा स्थान कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी कन्या महाविद्यालय करनाल की अवनी और जानवी ने प्राप्त किया l मॉडल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ता का पुरस्कार डीएवी महाविद्यालय अंबाला शहर के अतिशय को प्रदान किया गया l सांत्वना पुरस्कार सरकारी महाविद्यालय नारायणगढ़ के गौरव और छवि को व दूसरा सांत्वना पुरस्कार सरकारी स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर- 1, पंचकूला के रणदीप और आशीष को दिया गया l पोस्टर प्रस्तुति श्रेणी में राज्य स्तर का पहला पहला पुरस्कार डीएवी कालेज अंबाला शहर की सरिता को, दूसरा पुरस्कार कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी कन्या महाविद्यालय करनाल की टीना को और तीसरा पुरस्कार सरकारी महाविद्यालय बरवाला के महफूज को दिया गया।

### प्रिया को पोस्टर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ का पुरस्कार


मॉडल श्रेणी में साक्षी और तनु की टीम ने पहला, छवि और प्रतिष्ठा की टीम ने दूसरा और कारणदीप, सचिन और नावेद की की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ता का पुरस्कार सपना को दिया गया। इस श्रेणी में पहला सांत्वना पुरस्कार प्रिया,कृति और आस्था की टीम को जबकि दूसरा सांत्वना पुरस्कार उर्वशी वर्मा और हरमनप्रीत कौर की टीम को दिया। पोस्टर प्रस्तुति श्रेणी में आदित्य ने पहला, प्रिया ने दूसरा और सतीश ने तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। प्रिया को पोस्टर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ता का पुरस्कार भी दिया गया।?


हिस्सेदारी करती छात्राएं

### पटवारी कर रहे रिकॉर्ड को अपडेट

# सदर नप की 57 अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया प्रारंभ

निकाय की चुनावी प्रक्रिया पूरी होते ही कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मिलेंगी बुनियादी सुविधाएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला

अंबाला सदर नगर परिषद की 57 अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तहसीलदार इन कॉलोनियों के रिकॉर्ड को अपडेट कर रहे हैं। इन कॉलोनियों के रिकॉर्ड को अपडेट करने का मुख्य कार्य संबंधित क्षेत्र के पटवारियों को सौंपा गया है। इसके बाद पटवारी ही कॉलोनियों को लेकर अपनी अंतिम रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपेंगे। इसके बाद कॉलोनियों को नगर निकाय के पोर्टल पर अपडेट कर दिया जाएगा, जिससे कि यहां के लोगों को मूलभूत सुविधाएं, जैसे सड़क, बिजली, पानी और सीवर की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। इसके लिए नगर परिषद अपने स्तर पर कार्रवाई करेगा। कॉलोनी के हिसाब से ही विकास कार्यों की रूपरेखा तय की जाएगी। इसके आधार पर नगर परिषद का क्षेत्रफल भी बढ़ जाएगा।

#### तीन माह से अटकी थी फाइल

अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया पिछले लगभग तीन माह से रुकी थी। कभी पटवारियों की चुनाव में लगी ड्यूटी के कारण काम लंबित हो रहा था तो कभी ऑनलाइन पोर्टल अपडेट न होने के कारण कॉलोनियों का डाटा जुटाने में परेशानी हो रही थी। प्राप्त जानकारी अनुसार नगर परिषद ने दिसंबर 2024 में कॉलोनियों से संबंधित फाइल को अंबाला कैंट के उपमंडल कार्यालय में तहसीलदार के पास भेज दिया था।

#### जल्द जारी होगी अधिसूचना

नगर परिषद अंबाला सदर क्षेत्र के तहत बोह, बब्याल, मील के पीछे की कॉलोनियां, सुंदर नगर, श्याम नगर, विकास नगर, बैंक कॉलोनी, गोबिंद नगर, सुभाष नगर और करधान जैसी दर्जनों कॉलोनियों की जल्द ही अधिसूचना भी जारी हो जाएगी। इसके बाद वार्ड स्तर पर मतदाता सूची तैयार की जाएगी और जनसंख्या का भी आंकलन किया जाएगा।

#### अब तक 20 कॉलोनियों की फाइल तैयार

57 कॉलोनियों को वैध की मान्यता मिलने के बाद नगर परिषद ने 20 अन्य कॉलोनियों का खाका तैयार किया है। इसमें आनंद विहार, अर्जुन नगर, भगत सिंह कॉलोनी, डिफेंस कॉलोनी भाग-बी और सी, धीमान कांप्लेक्स, गणेश विहार, जिंदल कॉलोनी, करधान नगर, कौशिक विहार, माता मसानी रोड, निर्मल कांप्लेक्स, पूजा विहार, प्रभु प्रेम पुरम, रजत विहार, रामनगर, शिव कॉलोनी, सोनिया कॉलोनी और वर्मा कॉलोनी शामिल हैं। नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया कि चुनावों सहित अन्य कार्यों के कारण 57 अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया अटक गई थी। अब चुनाव खत्म हो गए हैं। संबंधित पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वो अपने से संबंधित जो भी काम है, उसे पोर्टल पर जल्द से जल्द अपडेट कर दें।

### साइबर फ्रॉड

# जागरुकताः अनजाने नंबर से आने वाली वीडियो कॉल पर न करें बात


अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला

साइबर अपराध के खिलाफ जागरुकता के लिए बुधवार को अंबाला शहर के हर्बल पार्क में पुलिस ने साइबर जागरूकता अभियान चलाकर आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने बारे जागरूक किया। इस कार्यक्रम में लगभग 320 आम नागरिकों, पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों राहागिरो ने भाग लिया। साइबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साइबर एक्सपर्ट बबीत कौशल व साइबर पुलिस टीम एएसआई फकीर चंद, मुख्य सिपाही अजय ने साइबर अपराधों से बचने बारे विशेष जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर भरोसा करके आप अपने बैक खाता/क्रेडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ने करे। अपने फेसबुक, व्हटसएप्प का पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहे। ओटीपी को किसी से भी शेयर न करें, किसी भी अनजान व्यक्ति का वीडियो काल न उठाएं।

बिना जानकारी के लालचवश ऑनलाइन सस्ते सामान को न खरीदे। पुलिस वर्दी में वीडियो कॉल करके डिजिटल अरेस्ट करने वालों से न डरें व पैसों के लालच में आकर किसी को भी अपना बैंक अकांउट न दें।

# छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंबाला


अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

जीएमएन कॉलेज की एनएसएस की बालिका इकाई ने लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया। महिलाओं की सुरक्षा के लिए बढ़ती चिंता के साथ, आत्मरक्षा प्रशिक्षण कॉलेजों में लड़कियों के सशक्तिकरण का एक अनिवार्य घटक बन गया है। प्रिंसिपल डॉ रोहित दत्त ने कॉलेज सेटिंग में लड़कियों के लिए आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व, लाभ और मुख्य बातों पर प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लड़कियों को आत्मरक्षा कौशल से सशक्त बनाना, उन्हें कमजोर परिस्थितियों में खुद को बचाने के लिए व्यावहारिक तकनीकों से लैस करना और लड़कियों में आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को बढ़ावा देना है। यह प्रशिक्षण लड़कियों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण और परिदृश्य-आधारित अभ्यासों के माध्यम से आत्मविश्वास और आत्म-मूल्य को बढ़ाएगा। इस तरह के प्रशिक्षण से महिलाओं की सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ेगी और उन्हें सामान्य सुरक्षा चिंताओं, जोखिम मूल्यांकन और रोकथाम रणनीतियों के बारे में शिक्षित किया जाएगा।

#### प्रतिभागियों ने आत्मरक्षा के गुर सीखे

*प्रतिभागियों ने आवश्यक आत्मरक्षा चालें सीखीं, प्रतिभागियों ने वास्तविक जीवन की परिस्थितियों जैसे कि अजनबियों से निपटना, उत्पीड़न या शारीरिक हमलों का सामना करने का अभ्यास किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरोज ने कहा कि इस प्रशिक्षण से लड़कियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। इस तरह के प्रशिक्षण से लड़कियों में कमजोर परिस्थितियों से निपटने के लिए अधिक आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की भावना पैदा होगी। लड़कियों ने संभावित जोखिमों और उन्हें कम करने के तरीकों के बारे में बेहतर समझ का प्रदर्शन किया। इस प्रशिक्षण में कुल 40 स्वयंसेवी लड़कियों ने भाग लिया।*

*478 प्राथमिक स्कूलों में होगी मेगा मॉनिटरिंग*

# बीइओ, बीआरसी, बीआरपी व क्लस्टर हैड की लगेगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बराड़ा

- निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिले को निपुण बनाने की कवायद

निपुण हरियाणा मिशन के तहत अंबाला को निपुण जिला बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 11-12 मार्च को जिले के सभी 478 प्राथमिक स्कूलों की मेगा मॉनिटरिंग की जाएगी। इस मॉनिटरिंग के तहत कक्षा पहली, दूसरी और तीसरी के विद्यार्थियों की हिंदी व गणित विषय में दक्षताओं का आकलन किया जाएगा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि निपुण भारत कार्यक्रम के तहत नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप यह एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसे हरियाणा शिक्षा विभाग ने वर्ष 2026 तक तीसरी कक्षा के सभी बच्चों को निपुण बनाने के लक्ष्य के साथ अपनाया है। इस मेगा मॉनिटरिंग के दौरान जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी, खंड संसाधन समन्वयक, संकुल मुखिया, बीआरपी और एबीआरसी की ड्यूटी लगाई गई है। यह आंकलन जिला मौलिक शिक्षा कार्यालय द्वारा तैयार किए गए विशेष गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। इसमें स्कूल की बुनियादी जानकारी के साथ-साथ बच्चों से हिंदी और गणित विषय से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनका उत्तर मौके पर ही संबंधित अधिकारी द्वारा भरा जाएगा। सुधीर कालड़ा ने बताया कि 17 मार्च से इन कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं भी शुरू होनी हैं, ऐसे में यह मेगा मॉनिटरिंग इन बच्चों के लिए प्री-बोर्ड परीक्षा के रूप में भी कार्य करेगी, जिससे वे अपनी वार्षिक परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले 23 दिसंबर को शिक्षा दीक्षा पर्यवेक्षण के तहत जिले के सभी 478 स्कूलों का निरीक्षण किया गया था। उस रिपोर्ट के आधार पर पिछड़ रहे बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए स्कूलों में मेंटरिंग विजिट बढ़ाने के साथ-साथ उपचारात्मक कार्यक्रम भी चलाए गए थे।

# निकाय चुनावः स्थापित स्ट्रांग रुम के बाहर पुलिस की थ्री लेयर की सुरक्षा



**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिले में निकाय चुनाव के उपरांत तीनों जगहों पर स्थापित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को पुख्ता प्रबंधों के साथ सील करने का काम किया गया है। उन्होंने बताया कि तीनों जगहों पर ईवीएम मशीनों को थ्री लेयर सुरक्षा के बीच रखा गया है। पहली लेयर में आईआरबी पुलिस, दूसरी लेयर में एचएपी तथा तीसरी लेयर में जिला पुलिस की तैनाती की गई है। यह भी बताया कि स्ट्रांग रूम के अंदर सीसीटीवी कैमरों से पैनी नजर भी रखी जा रही है। इसके साथ-साथ तीनों जगहों पर स्ट्रांग रूम के पास पुलिस के जवान पुरी मुस्तैदी के साथ दिन-रात रोस्टर के मुताबिक अपनी ड्यूटी भी दे रहे हैं। यहां बता दें कि मेयर पद के उप चुनाव के उपरांत ओपीएस विद्या मंदिर सेक्टर 9 स्कूल में बने रूम में, नगर परिषद अंबाला छावनी के चुनाव के उपरांत एसडी कॉलेज में बने तथा बराड़ा नगरपालिका के चुनाव को लेकर डीएवी स्कूल स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रखा गया है। 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट का मुआयना

**अंबाला।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की टीम ने बुधवार को सिटी नागरिक अस्पताल में चल रहे मदर स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एमएसएनसीयू) प्रोजेक्ट का जायजा लिया। करीब दो घंटे तक टीम में शामिल डब्ल्यूएचओ मुख्यालय से डॉ. सैचियो व कर्नाटक से डॉ. सुमन राव ने प्रसूति वार्ड व एमएसएनसीयू वार्ड में जाकर डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर से बातचीत की। साथ ही उन्हें कुछ सुझाव भी दिए। सोसायटी फॉर अप्लाइड स्टडीज न्यू दिल्ली के सीनियर साइंटिस्ट डॉ. वीके आनंद ने बताया गवर्नमेंट ऑफ हरियाणा के साथ मिलकर एमएसएनसीयू प्रोजेक्ट चला रहे हैं। जिसमें कमजोर बच्चों को मां के साथ एमएसएनसीयू में एक साथ रखकर देखभाल की जा रही है। छोटे बच्चों को इंफेक्शन से बचाने के लिए मां की त्वचा के साथ रखते हैं। इससे बच्चा गर्म भी रहता है और मां स्तन पान अधिक से अधिक करवा सकती है।

- वार्ड में जाकर डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर से बातचीत की

### महिला दिवस पर सामाजिक संगठन कीओ ने महिलाओं को किया सम्मानित

# महिलाओं को शिक्षा और रोजगार के समान अवसर देने के लिए निरंतर कार्य करना होगा

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भव्य कार्यक्रम

महिला एवं बाल विकास की कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा ने महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। प्रयास समाज सेवा संगठन की मोनिका ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व समाज में समानता के लिए संघर्ष जारी रखने की प्रेरणा दी







नारायणगढ़। महिलाओं को सम्मानित करती संस्था की सदस्य व प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸। नारायणगढ़

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामाजिक संगठन महार्षि कश्यप नवजवान सभा ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया और महिला सशक्तिकरण पर प्रेरणादायक चर्चा की गई।कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर महिला एवं बाल विकास की कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा ने महिलाओं की उपलब्धियों को सराहा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रयास समाज सेवा संगठन की मोनिका कालरा ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में समानता के लिए संघर्ष जारी रखने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि स्नेहा मेहता ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक दिन का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है। हमें महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के समान अवसर देने की दिशा में निरंतर कार्य करना होगा।'' इस कार्यक्रम में नारायणगढ़ शहर की उन सभी बहनों को भी सम्मानित किया गया जिनके पास एक साल तक की बेटियां हैं तथा जो गर्भवती हैं। इस सम्मान समारोह से हमारा उद्देश्य यह था कि सभी को बेटी पैदा करने पर गर्व महसूस हो । कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्षा रंजीता सचदेवा, बाल कल्याण समिति मेंबर रेखा शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता रानी, बाल विकास परियोजना अधिकारी रेणु बाला, दीपिका गुप्ता भी कार्यक्रम का हिस्सा रहीं। अध्यक्षा रंजीता सचदेवा ने कहा ''एक सशक्त बेटी की परवरिश के पीछे उसकी मां का सबसे बड़ा योगदान होता है। हमारा उद्देश्य समाज में बेटियों के महत्व को बढ़ावा देना और माताओं के प्रयासों को पहचान देना है। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सोनम ने सभी को महिलाओं एवं बेटियों से संबंधित स्कीम्स के बारे में जानकारी दी गई।

आरएमओ डॉ. श्रुति ने सभी गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान अपनाए जाने वाली सावधानियां व एनीमिया से कैसे बचे के बारे में जानकारी दी गई ।